गुडालूर पट्टी, तमिलनाडु में वृक्षों को काटकर गिराने से संबंधित समाचार

1620. **श्री सोमपाल :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 11 अगस्त, 1994 के []इंडियन एक्सप्रेस[] में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिया गया है जो तमिलनाडु राज्य के नीलगिरी जिले की गुडालूर पट्टी में वृक्षों को लगातार लूटने और काटकर गिराने के संबंध में है,

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त लेख में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है, और

(ग) इन वनों के संरक्षण औरपूर्वोत्तर समाचार में उठाए गए मुद्दों और समस्याओं के निदान के लिए सरकार क्या कार्रवई करने का विचार करती हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) सूचना राज्य सरकार से एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

तेल चयन बोर्डों का गठन

1621. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कई राज्यों में तेल चयन बोर्ड का गठन किया गया है,

(ख) यदि हां, तो उक्त बोर्डों में चयन/नामनिर्देशित करने का क्या मानदंड है,

(ग) क्या इन बोर्डों में तेल विशेषज्ञों को भी चयन किया गया है,

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है, और

(ड़) इन बोर्डों का कार्यकाल कितने वर्षों का है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, हां।

(ख) तेल चयन बोर्ड को निम्नानुसार गठित करने का निर्णय लिया गया है :-

(1) उच्च न्यायालय का अवकाश प्राप्त न्यायाधीश – अध्यक्ष

(2) अ0 जा0/अ0ज0 जा0/ अन्य कमजोर तबके का प्रतिनिधि – सदस्य

(3) एक सुविख्यात व्यक्ति – सदस्य

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ड़) बोर्ड के अध्यक्ष तथा सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षों से अनधिक अवधि के लिए सीमित होता है।

Share of Shipping Industry in Transportation of Goods

1622. SHRI NAGMANI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what is the present and projected share of shipping industry in transportation of goods;

(b) the details of major problems being faced by the shipping industry; and

(c) the steps proposed to be taken to resolve the problems?